# कक्षा 6 के लिए संस्कृत चित्र-वर्णन के अभ्यास Exercise of Chitra Varnan in Sanskrit for Class 6 With English Meanings

कक्षा 6 के लिए चित्र-वर्णन में प्रायः चित्र और मञ्जूषा/कोष्ठक (box) के साथ वाक्य भी होते हैं। वाक्यों में खाली स्थान को मञ्जूषा में दिए गए शब्दों द्वारा भरा जाता है। वाक्यों की संख्या 3 से 5 हो सकती है। इसीलिए इस लेख में सभी चित्रों के साथ 5-5 वाक्य दिए गए हैं। यदि विद्यार्थी कुछ बातों का ध्यान रखें और कुछ सावधानियाँ बरतें, तो आसानी से संस्कृत चित्र-वर्णन कर सकते हैं।

**कक्षा 6 के लिए संस्कृत चित्र-वर्णन के अभ्यास में मुख्य ध्यान देने योग्य बातें** (Points to Remember)

**चित्र को ध्यान से देखना :** सबसे पहले चित्र को पूरा देखें और समझें कि वह किस स्थान (जैसे- उपवन, विद्यालय, नदी तट) का है।

**मंजूषा** (Help Box) **का प्रयोग:** परीक्षा में दिए गए सहायता शब्दों (मंजूषा) को पढ़ें और उनके अर्थ समझें।

**छोटे और सरल वाक्य:** कक्षा 6 के स्तर पर हमेशा 3 से 4 शब्दों के छोटे वाक्य ही बनाएं ताकि गलती न हो।

**मुख्य वाक्य संरचना:** वाक्य बनाने के लिए इस आसान तरीके का प्रयोग करें:

अस्मिन् चित्रे……. अस्ति/सन्ति। (इस चित्र में……. है/हैं।)

यदि कोई एक चीज है, तो अस्ति लगाएं। यदि एक से ज्यादा चीजें हैं, तो सन्ति लगाएं।

**कक्षा 6 के लिए संस्कृत चित्र-वर्णन करते समय सावधानियां** (Precautions)

**कर्ता और क्रिया का सही मेल:** यदि कर्ता एकवचन है (जैसे- बालकः), तो क्रिया भी एकवचन (पठति) होगी। यदि कर्ता बहुवचन है (जैसे- बालकाः), तो क्रिया भी बहुवचन (पठन्ति) होगी।

**मंजूषा के शब्दों में बदलाव:** मंजूषा में दिए गए शब्दों के विभक्ति या वचन को वाक्य की जरूरत के अनुसार बदला जा सकता है, उन्हें वैसा का वैसा ही लिखना जरूरी नहीं है।

**कठिन वाक्यों से बचना:** संस्कृत में बड़े या घुमावदार वाक्य बनाने की कोशिश न करें, इससे व्याकरण (Grammar) की गलतियां होने की संभावना बढ़ जाती है।

**सटीक शब्दों का चयन:** चित्र में जो स्पष्ट दिख रहा हो, केवल उसी पर वाक्य बनाएं। मन से कोई काल्पनिक बात न जोड़ें।

**कक्षा 6 के लिए संस्कृत चित्र-वर्णन के अभ्यास : जन्तुशाला का चित्र** Class 6 Sanskrit Chitra Varnan : Picture of a Zoo




प्रदत्तं चित्रं दृष्ट्वा मञ्जूषायाः सहायतयेन रिक्तस्थानानि पूरयत–

(दिए गए चित्र को देखकर मञ्जूषा की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–)

**मञ्जूषा (शब्दकोश एवं हिन्दी अनुवाद):**

(जन्तुशालायाः = चिड़ियाघर का (Of the zoo), वानरः = बंदर (Monkey), सिंहः = शेर (Lion), बालौ = दो बच्चे (Two children),पश्यतः = देख रहे हैं (Are watching))

वाक्यानि (हिन्दी अनुवाद और अंग्रेजी अनुवाद सहित):

1. एतत् एकस्याः __________ चित्रम् अस्ति।

(यह चिड़ियाघर का चित्र है।)

(This is the picture of a Zoo.)

2. अत्र द्वौ __________ भ्रमतः।

(यहाँ दो बच्चे घूम रहे हैं।)

(Two children are visiting here)

3. वृक्षे एकः __________ उपविशति।

(पेड़ पर एक बंदर बैठा है।)

(A monkey is sitting on the tree.)

4. एकः __________ गर्जति।

(एक शेर गरजता है।)

(A lion is roaring.)

5. तौ बालौ पशून् __________।


(वे दोनों बच्चे पशुओं को देख रहे हैं।)

(Both the children are looking at animals.)

उत्तर-कुञ्जी (Answer Key):

1. जन्तुशालायाः
2. बालकौ
3. वानरः
4. सिंहः
5. पश्यतः

**कक्षा 6 के लिए संस्कृत में चित्र-वर्णन का अभ्यास : घर का चित्र Class 6 Sanskrit Chitra Varnan (Picture of a House)**



प्रदत्तं चित्रं दृष्ट्वा मञ्जूषायाः सहायतयेन रिक्तस्थानानि पूरयत–

(दिए गए चित्र को देखकर मञ्जूषा की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–)

**मञ्जूषा (Help Box):**

(क्रीडतः ((two) are playing), गृहम् (house), पुष्पाणि (flowers),कन्दुकेन (with ball), सुन्दरम् (beautiful)

वाक्यानि : हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद सहित (Sentences):

1. एतत् एकं __________ चित्रम् अस्ति।

(यह एक घर का चित्र है।)

(This is a house's picture)

2. चित्रे एकं __________ अस्ति।

(चित्र में एक पेड़ है।)

(There is a tree in the picture)

3. चित्रे अनेकानि __________ विकसन्ति।

(चित्र में अनेक फूल खिल रहे हैं।)

(Many flowers are blooming in the picture.)

4. द्वौ बालौ आनन्देन __________।

(दो बच्चे ख़ुशी से खेल रहे हैं)

(Two children are playing happily)

5. तौ (वे दोनों) __________ खेलतः।

(वे गेंद से खेल रहे हैं।)

(They are playing with ball)

उत्तर-कुञ्जी (Answer Key):

1. गृहस्य
2. वृक्षः

3. पुष्पाणि
4. क्रीडतः
5. कन्दुकेन

संस्कृत चित्र-वर्णन का अभ्यास कक्षा 6 उद्यान का चित्र Class 6 Sanskrit Chitra Varnan (Picture of a Park/Garden)



प्रदत्तं चित्रं दृष्ट्वा मञ्जूषायाः सहायतयेन रिक्तस्थानानि पूरयत–

(दिए गए चित्र को देखकर मञ्जूषा की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–)

मञ्जूषा (Help Box):

दोलायाम् (on the swing), क्रीडतः ((two) are playing,  चित्रम्(picture), पठति (reading), उद्यानस्य (of park)

वाक्यानि (हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद सहित) (Sentences):

1. एतत् एकस्य ________ चित्रम् अस्ति।

(यह एक उद्यान का चित्र है।)

(This is a picture of a park.)

2. अत्र द्वौ बालकौ कन्दुकेन__________।

(यहाँ दो लडके गेंद से खेल रहे हैं।)

(Two boys are playing here.)

3. अन्यः बालकः पुस्तकं __________।

(अन्य लड़का पुस्तक पढ़ रहा है।)

(Another boy is reading a book.)

4. एका बालिका ______ तिष्ठति।

(एक लड़की झूले पर बैठी है।)

(A girl is sitting on the swing.)

5. एका बालिका सुन्दरं __________ रचयति।

(एक लडकी सुंदर चित्र बना रही है।)

(A girl is drawing a beautiful picture.)

उत्तर-कुञ्जी (Answer Key):

1. उद्यानस्य
2. क्रीडतः
3. पठति

4. दोलायाम्
5. चित्रम्